CLASS-IV

प्र.1 अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर पर 3 का निशान लगाइए -

संसार का प्रत्येक प्राणी परिश्रम करता है। मनुष्य और पशु-पक्षी दिन-रात अपने-अपने काम में जुटे रहते हैं। परिश्रम से ही मनुष्य ने सभ्य जीवन प्राप्त किया है। परिश्रम द्वारा असंभव कार्य भी संभव हो जाता है। जीवन की सफलता परिश्रम करने से मिलती है। जो लोग परिश्रम छोड़कर भाग्य का सहारा लेते हैं, वे असफल रहते हैं। मनुष्य परिश्रम से ही अपना भाग्य बनाता है। ईश्वर भी परिश्रमी व्यक्ति की सहायता करता है।

(क) जीवन में सफलता कैसे मिलती है ?

धन से ☐ खेल-कूद से ☐ परिश्रम से ☐ भाग्य से ☐

(ख) परिश्रम से मनुष्य जीवन प्राप्त कर सकता है ?

असभ्य ☐ सभ्य ☐ दुखी ☐ उन्नत ☐

(ग) जो लोग परिश्रम छोड़कर भाग्य का सहारा लेते हैं, वे रहते हैं ?

सफल ☐ असफल ☐ मेहनती ☐ परिश्रमी ☐

(घ) परिश्रमी व्यक्ति की सहायता कौन करता है ?

ईश्वर ☐ मनुष्य ☐ भाग्य ☐ प्राणी ☐

(ङ.) सफल का विलोम शब्द होगा ?

मेहनती ☐ सुफल ☐ असफल ☐ सफलता ☐

प्र.2 चाँद का पयार्यवाची शब्द होगा -

सूरज ☐ धरती ☐ चंद्रमा ☐

www.studiestoday.com